नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 युद्ध विराम प्रश्नों पर विराम नहीं?


6 क्षण का सदुपयोग ही मुक्ति का मार्ग है


7 घर में तुलसी का पौधा लगाना क्यों माना जाता है बेहद शुभ



10 बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे आयुष शेट्टी

# असमंजस में सीजफायर वार्ता

## ईरान-अमेरिका के बीच 47 साल बाद आमने-सामने बातचीत

**युद्ध रोकने ईरान की मुख्य शर्तें**

- **सेना वापसी:** क्षेत्र से अमेरिकी सेना की वापसी और लेबनान समेत सभी मोर्चों पर हमलों को रोकना
- **सुरक्षा गारंटी:** अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर आगे कोई सैन्य हमला न करने की ठोस गारंटी
- **मुआवज़ा:** अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमलों से तबाह बुनियादी ढांचे और युद्ध में हुए नुकसान का मुआवजा
- **संपत्तियां:** अमेरिका में फ्रीज की गई ईरान की संपत्ति को रिहा करना



**प्लेन में बच्चों की तस्वीरें रखकर पाक पहुंचे गालिबाफ**

गालिबाफ ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की. इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ उनके खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे हैं और फूल भी रखा है. ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी. इनमें बच्चे और स्कूल का स्टाफ भी शामिल था.

**इस्लामाबाद, 11 अप्रैल. पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच जारी सीजफायर वार्ता का पहला राउंड 2 घंटे तक चला। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजराइली हमले रोकने की मांग की है। मीटिंग में अभी भी असमंजस की स्थिति दिखी. इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की।**


अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। यह मीटिंग कल भी जारी रहेगी। 47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस जब इस्लामाबाद पहुंचे, तो उनके विमान को एफ-16 फाइटर जेट्स ने एस्कॉर्ट किया.

**राष्ट्रपति ट्रंप ने की अमेरिकी तेल की मार्केटिंग**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी तेल और गैस भंडारों की मार्केटिंग करना शुरू कर दिया है. ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट साझा करते हुए अमेरिका की तेल क्षमता की जोरदार तारीफ की है. उन्होंने लिखा, दुनिया के सबसे बड़े तेल टैंकरों की भारी संख्या, जो पूरी तरह खाली हैं. अभी इस समय संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर जा रहे हैं, जिससे दुनिया के सबसे बेहतरीन और सबसे मीठे तेल (और गैस!) से भर सकें. हमारे पास अगले दो सबसे बड़े तेल उत्पादक देशों के कुल मिलाकर जितना तेल है, उससे भी ज्यादा तेल है और उसकी गुणवत्ता भी कहीं बेहतर है. हम आपका इंतजार कर रहे हैं. जल्दी से लोडिंग हो जाएगी!

### होर्मुज की ओर बढ़ रहे यूएस के युद्धपोत पर तनातनी

**तेहरान.** मध्य पूर्व में तनाव उस वक्त चरम पर पहुंच गया, जब फुजैराह पोर्ट से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की ओर बढ़ रहे अमेरिकी विध्वंसक को ईरानी सेना ने सीधी चेतावनी दे डाली. सेना ने पाकिस्तान में मौजूद अपने मध्यस्थों के जरिए साफ संदेश भेजा कि यदि अमेरिकी युद्धपोत ने अपनी गति जारी रखी तो उसे 30 मिनट के भीतर निशाना बना दिया जाएगा. ईरान की इस सख्त 'रेड लाइन' और हमले की सीधी धमकी का असर भी देखने को मिला.

आरआर सुपरस्टार वैभव सूर्यवंशी कर रहे हैं रनों की बौछार!


# किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ : राजनाथ



## सीमा पर जवान और खेत में किसान दोनों का सम्मान बराबर : सीएम

- **रायसेन में 3 दिवसीय उन्नत कृषि महोत्सव का शुभारंभ**
- **किसान की फसल से ही देश की अर्थव्यवस्था तय होती है**

**रायसेन/ भोपाल/ नई दिल्ली, 11 अप्रैल. रायसेन में शनिवार को तीन दिवसीय उन्नत कृषि महोत्सव, प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण का शुभारंभ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया.**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंच से सबसे पहले उपस्थित अन्नदाता बहनों-भाइयों को सिर झुकाकर नमन करते हुए कहा कि वे स्वयं किसान परिवार से आते हैं और गांव की मिट्टी में पले-बढ़े हैं, इसलिए किसान की मेहनत और संघर्ष को दिल से समझते हैं. उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का अभिनंदन करते हुए कहा कि किसान के हित में इतना केंद्रित और विषयगत आयोजन वास्तव में सराहनीय है. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा किसानों को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हैं और यह केवल कहने की बात नहीं, बल्कि पिछले वर्षों में जमीन पर हुए बेमिसाल कार्यों से साबित तथ्य है.

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से आग्रह किया कि वे केवल पारंपरिक अनाज-प्रधान खेती से आगे बढ़कर एकीकृत कृषि प्रणाली (इंटीग्रेटेड फार्मिंग) अपनाएं, क्योंकि जमीन के छोटे-छोटे टुकड़ों- एक, दो या तीन एकड़ पर भी अगर अनाज के साथ फल, सब्जी, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, बकरी पालन और मुर्गी पालन जोड़ा जाए, तो वास्तविक रूप से लाभकारी खेती संभव है.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि देश में अब शासन की कार्य-संस्कृति बदल चुकी है. यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बदली हुई सोच और कार्यशैली का परिणाम है. उन्होंने मंच से जोरदार तालियों के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का अभिनंदन किया और कहा कि वे छह बार सांसद और छह बार विधायक रहे हैं और जिस भी काम को हाथ में लेते हैं, उसे सफलतापूर्वक आगे बढ़ाना उनकी पहचान है.

### एक नजर में



**अंगोला से 20 लाख बैरल तेल आया**

**नई दिल्ली.** रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करते हुए रूस और अंगोला जैसे देशों से भारी मात्रा में कच्चा तेल आयात किया है. मार्च-अप्रैल 2026 में, भारत ने अंगोला से लगभग 20 लाख बैरल और अन्य स्रोतों से कई टैंकर कच्चे तेल के प्राप्त किए हैं.

**मथुरा नाव हादसे में मृतकों की संख्या 11 हुई**

**मथुरा.** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में यमुना नदी में नौका पलटने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है. साथ ही नाविक को गिरफ्तार कर लिया है. एक शव दुर्घटना स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर देवराहा बाबा घाट के पास से बरामद किया गया और मृतक की पहचान लुधियाना निवासी माणिक टंडन (42) के रूप में की गई है. पुलिस ने यह भी बताया कि नाविक पप्पू को भी गिरफ्तार कर लिया गया है.

# कूनो में गूंजीं किलकारियां

**04** शावक जन्मे मादा चीता गामिनी ने

**57** संख्या हुई अब देश में चीतों की



**केंद्रीय वन मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने जताई खुशी**

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 11 अप्रैल. कूनो नेशनल पार्क से एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है. भारत में चीतों के पुनर्वास अभियान को बड़ी सफलता मिली है. करीब 25 माह की भारतीय मूल की मादा चीता 'गामिनी' ने खुले जंगल में चार शावकों को जन्म दिया है. केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है. उन्होंने इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताते हुए वन विभाग और पूरी टीम को बधाई दी.**

बता दें कि यह घटना न सिर्फ कूनो बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है. साल 2022 में शुरू हुए चीता पुनर्वास परियोजना के बाद यह पहली बार है, जब किसी मादा चीता ने प्राकृतिक जंगल वातावरण में सफलतापूर्वक शावकों को जन्म दिया है. अब देश में चीतों की कुल संख्या 57 हो गई है. खास बात यह है कि 'गामिनी' भारतीय मूल की मादा चीता है, जिससे यह उपलब्धि और भी ऐतिहासिक बन गई है. वन विभाग के अनुसार गामिनी पिछले एक साल से अधिक समय से खुले जंगल में रह रही थी और उसने पूरी तरह प्राकृतिक परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढाल लिया था.

ऐसे में जंगल में शावकों का जन्म इस बात का संकेत है कि कूनो का पर्यावरण अब चीतों के लिए अनुकूल साबित हो रहा है. मुख्य वन संरक्षक उत्तम कुमार शर्मा ने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह परियोजना के मुख्य उद्देश्य चीतों को प्राकृतिक वातावरण में बसाने और उनके प्रजनन को सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है.

# कार्रवाई : थाईलैंड से भारत लाया गया हरियाणा का मोस्ट वांटेड आरोपी

**नई दिल्ली. केंद्रीय जांच एजेंसी ने एक बड़ी सफलता हासिल की है. एजेंसी ने मोस्ट वांटेड भगोड़े आरोपी साहिल चौहान को थाईलैंड से भारत वापस लाने में कामयाबी पाई है.**

यह कार्रवाई विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ मिलकर इंटरपोल चैनलों के जरिए की गई. साहिल कई सालों से फरार चल रहा था, वो हरियाणा का कुख्यात अपराधी है. वो हरियाणा पुलिस की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शुमार है. सीबीआई के मुताबिक, साहिल चौहान को थाईलैंड से डिपोर्ट कर भारत लाया गया. हरियाणा पुलिस द्वारा हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और अवैध हथियारों के इस्तेमाल जैसे कई गंभीर मामलों में वांछित था. वह हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में सक्रिय भुप्पी राणा गैंग का प्रमुख सदस्य माना जाता है. वह राष्ट्रीय जांच एजेंसी की वांटेड सूची में भी शामिल था. 4 जनवरी को यमुनानगर के जगाधरी कोर्ट परिसर में गैंगवार के दौरान साहिल चौहान ने मोनू राणा पर फायरिंग की थी.

# काल बना ट्रक, दूल्हा-दुल्हन समेत 4 की दर्दनाक मौत



नवभारत न्यूज

**शिवपुरी 11 अप्रैल।** सिरसोद थाना क्षेत्र में आज दोपहर एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया, जहां खुशियों से भरा एक परिवार पलभर में उजड़ गया। टोंगरा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास खाद से भरा एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे खड़े ऑटो पर पलट गया। इस भीषण हादसे में नवविवाहित दूल्हा-दुल्हन सहित 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार तेंदुआ थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव निवासी वीरेंद्र शाक्य उम्र 25 वर्ष की शादी शुक्रवार को शिवपुरी की संजय कॉलोनी निवासी राजेश्वरी शाक्य से हुई थी। मंदिर में सादगी से विवाह के बाद शनिवार को दोनों अपने घर लौट रहे थे। ऑटो में उनके साथ दूल्हे की मां अन्वेश शाक्य उम्र 50 वर्ष, बहन भूरिया शाक्य उम्र 19 वर्ष, भाभी राजो शाक्य उम्र 22 वर्ष और अन्य लोग सवार थे। टोंगरा रोड पर ऑटो कुछ देर के लिए खड़ा था, तभी अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सीधे ऑटो पर पलट गया। देखते ही देखते ऑटो में बैठे लोग ट्रक के नीचे दब गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग दौड़ पड़े। घटना की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शवों को बाहर निकालने के लिए जेसीबी मशीन बुलानी पड़ी। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में तेंदुआ थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव निवासी वीरेंद्र शाक्य, उनकी पत्नी राजेश्वरी शाक्य, मां अन्वेश शाक्य और भाभी राजो शाक्य उम्र 22 वर्ष शामिल हैं। वहीं, ऑटो में सवार बहन भूरिया शाक्य और चालक हादसे के वक्त बाहर होने के कारण बच गए। सबसे दुखद बात यह रही कि जिस घर में एक दिन पहले शादी की खुशियां गूंज रही थीं, वहीं आज मातम पसरा है। दूल्हे की बहन भूरिया की लगून रस्म भी आज ही होनी थी, जिसकी तैयारियां पूरी थीं, लेकिन इससे पहले ही यह हादसा हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पीएम मोदी ने राहुल से पूछा सोनिया का हाल

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल.** संसद परिसर में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी और राहुल गांधी की लंबी बातचीत हुई. पीएम ने सोनिया गांधी की सेहत के बारे में पूछा. जवाब में राहुल ने प्रधानमंत्री को बताया कि मेरी मां (सोनिया) की तबीयत में अब सुधार है. इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने संतोष जताया और उनके जल्द पूरी तरह स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं. संसद के भीतर और बाहर तीखी राजनीतिक टकराहट के बीच मोदी और राहुल गांधी के बीच इस तरह की सहज और लंबी बातचीत कम ही देखने को मिलती है. ऐसे में यह मुलाकात सिर्फ शिष्टाचार भर नहीं, बल्कि सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है. वीडियो में दोनों नेताओं की बॉडी लैंग्वेज भी काफी कुछ कहती नजर आई. राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन इस मुलाकात ने एक बार फिर दिखाया कि लोकतंत्र में संवाद की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है.

**चुनाव प्रचार** | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीएम ममता पर निशाना, टीएमसी ने केंद्र की योजनाओं पर लगाया ब्रेक

# बंगाल को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाएंगे



**कोलकाता/ चेन्नई/गुवाहाट, 11 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व वर्धमान जिले के कटवा, मुर्शिदाबाद के जंगीपुर और बांग्लादेश सीमा से सटे दक्षिण दिनाजपुर जिले के कुशमंडी में चुनावी रैलियों को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और सीएम ममता बनर्जी पर निशाना साधा.**

पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी सरकार ने केंद्र की तमाम योजनाओं पर ब्रेक लगा रखा है. बीजेपी की सरकार बनते ही योजनाएं लागू की जाएंगी. पीएम मोदी ने दावा किया कि बर्धमान में हजारों-हजार लोगों का ये रैला बंगाल में खेला करने वाला है. यह दृश्य 4 मई के नतीजे का ट्रेलर है. उन्होंने कहा कि चुनाव में आपका उमंग, आपका उत्साह, आपकी ऊर्जा, आपका संकल्प देख रहा हूं. यह भय पर भरोसे की विजय का उद्घोष है. बंगाल परिवर्तन के लिए तैयार है.

पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी ने संकल्प लिया है कि बंगाल को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाएंगे. उन्होंने कहा कि शुक्रवार को ही बंगाल बीजेपी ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है. इसमें मैंने जो आपको 6 गारंटियां दी हैं, उन्हें लागू करने का रोडमैप है. पीएम ने कहा कि बंगाल बीजेपी के सभी साथियों को इस शानदार घोषणा-पत्र के लिए बधाई देता हूं. उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी, टीएमसी की निर्मम सरकार के भय को हटाकर भरोसे में बदलने की है. ये गारंटी पूरी कैसे होगी यह पूरा खाका बीजेपी के घोषणा-पत्र में है. कहा कि असम, केरल और पुडुचेरी में वोट पड़ चुके हैं. वहां भारी मतदान हुआ है. बहुत बड़ी संख्या में लोग मतदान के लिए निकले हैं. उन्होंने कहा कि महिलाओं ने बड़ी संख्या में वोट डाला है.

**भाजपा बंगाल विरोधी**

सीएम ममता ने भी झारग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर के



केशियारी में रैली की। इस दौरान ममता ने कहा- भाजपा बंगाल विरोधी है, उन्हें अपने घर में घुसने मत दीजिए। ममता ने दावा किया कि भाजपा ने दो झूठे हलफनामे दाखिल कर भवानीपुर से उनकी उम्मीदवारी रद्द कराने की कोशिश की.

# चुनाव लड़ने के लिए योग्यता शर्तें जरूरी हैं



**नई दिल्ली, 11 अप्रैल. सुप्रीम कोर्ट ने यह बात फिर से दोहराई है कि वोट देने या चुनाव लड़ने का अधिकार कोई मौलिक अधिकार नहीं है. ये दोनों ही अधिकार वैधानिक अधिकार जरूर हैं और इन दोनों अधिकारों में भी एक-दूसरे से अंतर है.**

रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान में डिस्ट्रिक्ट मिल्क यूनियन से जुड़े एक विवाद के मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने इस तरह की टिप्पणी की है. सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा- यह अच्छे से स्थापित है कि न तो मताधिकार और न ही चुनाव लड़ने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है.

सुप्रीम कोर्ट ने पहले के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि जहां मतदान से चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित होती है, चुनाव लड़ने का अधिकार उससे अलग है. चुनाव लड़ना ज्यादा कड़े नियमों के अधीन आता है, जिसमें योग्यता, अयोग्यता और संस्थागत जरूरतें शामिल होते हैं.

**अर्थव्यवस्था में कानूनी प्रणाली महत्वपूर्ण कारक होगी**

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि देश केवल पूंजी या नीति के जरिए से 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता है, बल्कि इसमें कानूनी प्रणाली की गुणवत्ता एक महत्वपूर्ण कारक होगी. उन्होंने विकसित होती अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा करने के लिए कानूनी ढांचे में आमूलचूल बदलाव का आह्वान करते हुए यह बात कही. सीजेआई ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए वाणिज्यिक कानून में पूर्वानुमान, विशेषज्ञता और सद्भावना की संस्कृति की जरूरत पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि इसके लिए ऐसी पूंजी की आवश्यकता होगी, जिसमें दीर्घकालिक प्रतिबद्धताएं शामिल हों और जिसके लिए निवेशक का विश्वास अनिवार्य है.